# राजकीय इण्टर कालेज (GIC) प्रवक्ता परीक्षा, 2021

# नागरिकशास्त्र

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**परीक्षा तिथि : 19-09-2021**

**1. निम्न विचारकों में से किसने स्वतन्त्रता और समानता को अनुपूरक माना था?**

(a) लॉर्ड एक्टन (b) मैकाइवर
(c) डी. टॉकविले (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** मैकाइवर, लास्की, ग्रीन आदि स्वतंत्रता एवं समानता को एक-दूसरे का पूरक मानते हैं इसके विपरीत, लार्ड एक्टन, डी टॉकविले, बेन्थम, जे.एस. मिल, आइजिया बर्लिन, फ्रीडमैन, स्पेन्शर आदि स्वतंत्रता एवं समानता को एक दूसरे का विरोधी मानते है।

**2. किसने विचार व्यक्त किया कि ब्रिटिश संविधान का अस्तित्व नहीं है?**

(a) डी. टॉकविले (b) हैमिल्टन
(c) हर्मन फाइनर (d) सी.एफ. स्ट्राँग

**Ans. (a) :** ब्रिटिश संविधान विश्व का ऐसा उदाहरण है जो परम्पराओं एवं अभिलेखों पर आधारित है तथा जिसका कोई लिखित दस्तावेज नहीं है इसी कारण डी0 टाकविले ने यह विचार व्यक्त किया कि ब्रिटिश संविधान का कोई अस्तित्व नहीं है।

**3. निम्न में से कौन लोकतंत्र के अभिजनवादी सिद्धांत का अनुयायी नहीं है?**

(a) पैरेटो (b) मोस्का
(c) माण्टेस्क्यू (d) मिचेल्स

**Ans. (c) :** मॉण्टेस्क्यू को **'शक्ति पृथक्करण सिद्धांत'** का जनक माना जाता है इसका वर्णन इन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक **'द स्प्रिट ऑफ लॉज'** (1748) में किया है। पैरेटो, मोस्का, मिचेल्स आदि लोकतंत्र के अभिजन वादी सिद्धांत के समर्थक है।

**4. भारत के उपराष्ट्रपति को हटाने का प्रस्ताव पेश किया जा सकता है–**

(a) केवल लोकसभा में
(b) संसद के किसी भी सदन में
(c) संसद के संयुक्त बैठक में
(d) केवल राज्य सभा में

**Ans. (d) :** उपराष्ट्रपति राज्य सभा का सभापति होता है अतः उपराष्ट्रपति को हटाने का प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही पेश किया जा सकता है। वह राज्यसभा के ऐसे संकल्प द्वारा पद से हटाया जा सकता है, जिसे राज्यसभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत ने पारित किया हो और जिससे लोक सभा सहमत हो।

**5. डॉ. अम्बेडकर कितने गोलमेज सम्मेलन में सम्मिलित हुए?**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) None/कोई नहीं

**Ans. (c) :** डॉ0 अम्बेडकर **तीनों** गोलमेज सम्मेलनों (1930, 1931, 1932) में भाग लिये थे वे दलित वर्गों के हितों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। महात्मा गाँधी केवल द्वितीय गोलमेज में हिस्सा लिये थे।

**6. भारत के संविधान में, अन्तर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना शामिल है–**

(a) संविधान की प्रस्तावना
(b) राज्य के नीति निर्देशक तत्व
(c) मौलिक कर्त्तव्य
(d) सातवीं अनुसूची

**Ans. (b) :** भारत के संविधान में अंतराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने की व्यवस्था भाग-4 के तहत अनु0 51 में 'नीति निदेशक तत्वों में की गयी है जिसका विवरण निम्नवत है–

**अनु0 51 – राज्य**

(क) अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का,
(ख) राष्ट्रों के बीच न्याय संगत और सम्मानपूर्ण सम्बन्धों को बनाये रखने का,
(ग) ....... अन्तर्राष्ट्रीय विधि एवं सन्धि बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने का और
(घ) अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के माध्यस्थम् द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने का प्रयास करेगा।

**7. भारतीय संविधान की निम्नलिखित अनुसूचियों में से किसमें दल-बदल निरोधक अधिनियम के सम्बन्ध में प्रावधान हैं?**

(a) चौथी अनुसूची (b) पाँचवी अनुसूची
(c) सातवीं अनुसूची (d) दसवीं अनुसूची

**Ans. (d) :** भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में दल-बदल की विकराल समस्या पर रोक लगाने के उद्देश्य से **'52 वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम'** - 1985, के द्वारा भारतीय संविधान में 10 वीं अनुसूची को जोड़ा गया। इस अनुसूची में दल-बदल से सम्बन्धित प्रावधान का उल्लेख किया गया है।
इस संशोधन अधिनियम के द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102 में खण्ड-2 तथा अनुच्छेद 191 में भी खण्ड-2 जोड़ गया। इस संशोधन के बावजूद भी दल-बदल की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित नहीं हो पाया। अतः **91 वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम - 2003**, लाया गया और इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया।

**8. निम्न अनुच्छेदों में कौन सा एक शिक्षा के अधिकार से सम्बन्धित है?**

(a) अनुच्छेद 20 ए (b) अनुच्छेद 21 ए
(c) अनुच्छेद 22 ए (d) अनुच्छेद 22 बी

**Ans. (b) :** 86वें संशोधन-2002 के द्वारा प्राथमिक शिक्षा को मुक्त एवं अनिवार्य बनाते हुए इसे मौलिक अधिकार का दर्जा दिया गया और इसे अनु0 21(A) में शामिल किया गया जिसमें व्यवस्था है– "सरकार, राज्य द्वारा निर्धारित विधि के अनुसार 6 से 14 वर्ष के आयु के बच्चों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगी।

**9. निम्न में से किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा, मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया गया?**

(a) 60वाँ संशोधन अधिनियम
(b) 61वाँ संशोधन अधिनियम
(c) 62वाँ संशोधन अधिनियम
(d) 63वाँ संशोधन अधिनियम

**Ans. (b) :** 61वें संवैधानिक संशोधन (1989) के द्वारा मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गयी।

**10. किसी पंचायत के समयावधि पूर्ण होने से पूर्व भंग किये जाने की स्थिति में गठित पंचायत कार्य करेगी–**

(a) केवल शेष बचे हुए समय के लिए
(b) पूरे पाँच साल के लिए
(c) जैसा ग्राम सभा द्वारा तय किया जाए
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** यदि कोई पंचायत समय से पहले भंग हो जाती है तो 6 माह के भीतर उसका पुनः चुनाव करवा लेना आवश्यक होगा यदि बचा हुआ शेष समय 6 माह ही है तो शेष अवधि के लिए चुनाव कराना आवश्यक नहीं है दुबारा चुनी गयी पंचायतत शेष अवधि के लिए ही काम करेगी। ऐसी व्यवस्था इसलिए की गयी है जिससे सभी पंचायतों का चुनाव एक साथ सम्पन्न किया जा सके।

**11. भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के सम्बन्ध में निम्न में से कौन त्रुटिपूर्ण है?**

(a) निर्वाचक मण्डल
(b) आनुपातिक प्रतिनिधित्व
(c) एकल संक्रमणीय मत पद्धति
(d) सूची पद्धति

**Ans. (d):** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 54 में यह प्रावधान किया गया है कि राष्ट्रपति का निर्वाचन एक ऐसे निर्वाचक मण्डल द्वारा किया जायेगा। जो निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगाः-
1. संसद के दोनों सदनों के सभी निर्वाचित सदस्य
2. राज्य विधान सभाओं के सभी निर्वाचित सदस्य
3. केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली और पाण्डिचेरी के विधान सभाओं के सभी निर्वाचित सदस्य
अनु0 55 में राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति का वर्णन है– यह निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होगा और ऐसे निर्वाचन में मतदान गुप्त होगा। राष्ट्रपति के निर्वाचन में सूची प्रणाली की व्यवस्था नहीं है।

**12. निम्न राज्यों में से किस एक में विधान परिषद का अभाव है?**

(a) बिहार (b) कर्नाटक
(c) उड़ीसा (d) तेलंगाना

**Ans. (c):** वर्तमान में कुल छः राज्यों में विधान परिषदें हैं जिनके नाम हैं– आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि। उड़ीसा में विधान परिषद नहीं हैं।

**13. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग–**

(a) लोकसभा में प्रस्तावित होगा।
(b) राज्यसभा में प्रस्तावित होगा।
(c) संसद के किसी भी सदन में प्रस्तावित किया जा सकता है।
(d) संविधान के अनुच्छेद 52 के अन्तर्गत प्रस्तावित होता है।

**Ans. (c) :** जब भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की बात आती है। तो इस सम्बन्ध में भारतीय संविधान के दो अनुच्छेद (अनुच्छेद 56 और 61) आते है।
अनुच्छेद 56 राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के आधार का उल्लेख करता है। वह आधार है- **'संविधान का अतिक्रमण'**
अनुच्छेद 61 में राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। इस प्रक्रिया को संसद के किसी भी सदन में प्रारम्भ किया जा सकता है। जिसके लिए उस सदन की कुल सदस्य संख्या के कम से कम एक–चौथाई सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए।

**14. मौलिक अधिकारों के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा अनुच्छेद तब भी निलंबित नहीं किया जा सकता, जबकि आपातकाल की घोषणा प्रवर्तन में है?**

(a) अनुच्छेद 20 और 22 (b) अनुच्छेद 20 और 21
(c) अनुच्छेद 21 और 22 (d) अनुच्छेद 19 और 20

**Ans. (b) :** जब भारत में राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा प्रवर्तन में होती है, तब ऐसी स्थिति में भारतीय संविधान के भाग -3 द्वारा भारतीय नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों में से **'अनुच्छेद - 20 और अनुच्छेद - 21'** द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों को राष्ट्रपति द्वारा निलम्बित नहीं किया जा सकता है।
अनुच्छेद - 20, अपराधों के लिए दोषसिद्धि के सम्बन्ध में संरक्षण प्रदान करता है।
अनुच्छेद - 21, प्राण और दैहिक स्वतंत्रता को संरक्षण प्रदान करता है।

**15. भारत में द्वैध-शासन व्यवस्था का आरम्भ इस अधिनियम के अन्तर्गत हुआ था–**

(a) 1909 में (b) 1919 में
(c) 1928 में (d) 1935 में

**Ans. (b) :** भारत में द्वैध-शासन व्यवस्था का प्रारम्भ माण्टेग्यू चेम्स फोर्ड सुधार अधिनियम-1919 के द्वारा हुआ शुरू में इसे राज्यों में लागू किया गया 1935 में इसको केन्द्र में लागू किया गया और राज्यों में समाप्त कर दिया गया।

**16. भारत में पहली बार, साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली कब आरम्भ हुई?**

(a) 1861 में (b) 1892 में
(c) 1909 में (d) 1911 में

**Ans. (c) :** भारत में साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली का प्रारम्भ मार्ले मिण्टो सुधार–1909 के द्वारा हुआ प्रारम्भ में इसे मुसलमानों पर लागू किया गया 1919 में इसका विस्तार सिक्खों तथा अन्य वर्गों पर कर दिया गया।

**57. निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) नमक सत्याग्रह – 1930
(b) गांधी–इरविन समझौता – 1930
(c) कम्युनल अवार्ड – 1932
(d) क्रिप्स मिशन – 1942

**Ans. (b) :** द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस की भागीदारी निश्चित करने के लिए वायसराय लार्ड इरविन ने महात्मा गाँधी से 5 मार्च 1931 को एक समझौता किया जिसमें तय हुआ कि हिंसा के

आरोपियों को छोड़कर शेष सभी राजनीतिक बन्दियों को रिहा कर दिया जायेगा। भारतीयों को समुद्र के किनारे नमक बनाने का अधिकार दिया जायेगा।

**58. यदि किसी विधेयक को लेकर संसद के दोनों सदनों के मध्य गतिरोध हो, तो निम्न में से कौन संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है?**

(a) प्रधानमंत्री (b) राष्ट्रपति
(c) स्पीकर (d) उप–राष्ट्रपति

**Ans. (c) :** यदि किसी साधारण विधेयक को लेकर दोनों सदनों में गतिरोध उत्पन्न होता है तो राष्ट्रपति संयुक्त बैठक का आह्वान करता है। इस बैठक की अध्यक्षता लोक सभा का अध्यक्ष करता है।

**59. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत संसद राज्य सूची के किसी भी विषय पर विधि निर्माण कर सकती है?**

(a) अनुच्छेद 229 (b) अनुच्छेद 239
(c) अनुच्छेद 249 (d) अनुच्छेद 259

**Ans. (c) :** अनु0 249- में व्यवस्था है कि यदि राज्यसभा उपस्थित एवं मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से राज्य सूची के किसी विषय को राष्ट्रीय महत्व का घोषित कर देती है, तो संसद उस विषय पर कानून का निर्माण कर सकती है। इस प्रकार निर्मित विधि एक वर्ष के लिए होगी।

**60. भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने की शक्ति निहित है–**

(a) भारत के राष्ट्रपति (b) संसद
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश (d) विधि आयोग

**Ans. (b) :** अनु0 124 के अनुसार भारत का एक उच्चतम न्यायालय होगा जो भारत के मुख्य न्यायमूर्ति और जब तक संसद विधि द्वारा अधिक संख्या निश्चित नहीं करती तब तक 33 से अनधिक अन्य न्यायाधीशों से मिलकर बनेगा।
मूल भारतीय संविधान में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 8 (1+7) थी। तत्पश्चात् मुकदमों की संख्या को देखते संसद ने न्यायाधीशो की संख्या में बढ़ोत्तरी किया। 2019 में न्यायाधीशों की संख्या 34 (1+33) की गई।

**61. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत, भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाया जा सकता है?**

(a) अनुच्छेद 61 (b) अनुच्छेद 356
(c) अनुच्छेद 75 (d) अनुच्छेद 76

**Ans. (a) :** यदि राष्ट्रपति संविधान का अतिक्रमण करता है तो संसद के किसी भी सदन द्वारा उस पर महाभियोग का प्रस्ताव लाया जा सकता है। जो प्रत्येक सदन के कुल सदस्य संख्या के कम से कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित होना चाहिए।

**62. निम्न में से कौन संविधान सभा की सलाहकार समिति का अध्यक्ष था?**

(a) जे.एल. नेहरू
(b) वल्लभ भाई पटेल
(c) राजेन्द्र प्रसाद
(d) मौलाना अबुल काम आजाद

**Ans. (b) :** संविधान सभा की सलाहकार समिति के अध्यक्ष सरदार बल्लभ भाई पटेल थे।

**63. भारत के अन्तर्राज्यीय परिषद का अध्यक्ष कौन होता है?**

(a) राष्ट्रपति (b) उप-राष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) केन्द्रीय गृह मंत्री

**Ans. (c) :** अनु0 263 के अनुसार यदि राष्ट्रपति जनहित में आवश्यक समझे तो वह अंतर राज्य परिषद का गठन कर सकेगा। अन्तर्राज्य परिषद का अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने इसका पुर्नगठन किया।

**64. निम्नलिखित में से किस संसदीय समिति के सभी सदस्य लोकसभा से होते हैं?**

(a) लोक-लेखा समिति (b) प्राक्कलन समिति
(c) सार्वजनिक उपक्रम समिति (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** प्राक्कलन समिति भारतीय संसद की सबसे बड़ी एवं सबसे पहली समिति है इस समिति में 30 सदस्य होते है और सभी सदस्य लोकसभा के होते है। इसके सदस्यों का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा एकल संक्रमणीय मत के आधार पर किया जाता है। इस समिति का कार्य वित्तीय नीतियों के सम्बन्ध में सुझाव देना है।

**65. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 को राष्ट्रपति ने किस तिथि को स्वीकृति प्रदान की?**

(a) 9 अगस्त, 2019
(b) 10 अगस्त, 2019
(c) 11 अगस्त, 2019
(d) 12 August, /12 अगस्त, 2019

**Ans. (a) : 'जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम - 2019'** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा 5 अगस्त 2019 को राज्य सभा में प्रस्तुत किया गया और इसी दिन राज्य सभा ने इस विधेयक को पारित कर दिया। 6 अगस्त 2019 को लोक सभा ने इस विधेयक को पारित किया। 9 अगस्त 2019 को राष्ट्रपति ने इसे अपनी स्वीकृति प्रदान किया। यह अधिनियम 31 अक्टूबर 2019 को लागू किया गया।

**66. 'जन-गण-मन' गीत के हिन्दी संस्करण को संविधान सभा ने भारत के राष्ट्रगान के रूप में कब अपनाया?**

(a) 26 जनवरी, 1950
(b) 15 अगस्त, 1947
(c) 26 नवम्बर, 1950
(d) 24 जनवरी, 1950

**Ans. (d) :** जन-गण-मन गीत के हिन्दी संस्करण को संविधान सभा ने राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को अपनाया।
**विशेष–** राष्ट्रगान मूलतः बंगाली में गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा लिखा गया था। भारत का राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् है।

**67. भारत में भाषायी आधार पर बनाया गया पहला राज्य कौन सा था?**

(a) हरियाणा (b) हिमाचल प्रदेश
(c) गुजरात (d) आन्ध्र प्रदेश

**Ans. (d) :** भारत में भाषायी आधार पर बनाया गया पहला राज्य आन्ध्र प्रदेश है इसका गठन 1 अक्टूबर 1953 को हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष फजल अली थे।

**68. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारत की विदेश नीति से सम्बन्धित है?**

(a) अनुच्छेद 380 (b) अनुच्छेद 212
(c) अनुच्छेद 163 (d) अनुच्छेद 51

**Ans. (d) :** अनु0 51 का सम्बन्ध विदेश नीति से है इसका वर्णन नीति निदेशक तत्वों के अन्तर्गत भाग-4 में किया गया है। अनु0 51 के अनुसार राज्य- अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की अभिवृद्धि का प्रयास करेगा।

**69. भारती संविधान के किस अनुच्छेद के तहत, निर्वाचन आयोग के लिए प्रावधान है?**

(a) अनुच्छेद 320 (b) अनुच्छेद 322
(c) अनुच्छेद 324 (d) अनुच्छेद 326

**Ans. (c) :** अनु0 324 के अनुसार संसद, राज्यविधान मण्डल, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचन, निर्वाचक नामावली तैयार कराने का और उन सभी निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण, एक आयोग में निहित होगा। जिसे इस संविधान में **'निर्वाचन आयोग'** कहा गया है।

**70. अनुच्छेद 249 के खण्ड (1) के अन्तर्गत पारित प्रस्ताव निम्नलिखित में से कितने अधिक समय के लिए लागू नहीं रहेगा?**

(a) एक माह (b) तीन माह
(c) छः माह (d) एक वर्ष

**Ans. (d) :** अनु0 249(1) के तहत संसद द्वारा पारित प्रस्ताव एक वर्ष तक प्रभावी रहेगा।

**71. संविधान सभा का गठन निम्न में से किस योजना के द्वारा किया गया था?**

(a) भारतीय शासन अधिनियम, 1935
(b) क्रिप्स प्रस्ताव
(c) कैबिनेट मिशन
(d) अगस्त प्रस्ताव

**Ans. (c) :** कैबिनेट मिशन 24 मार्च 1946 को दिल्ली आया इसने 16 मई 1946 को अपना प्रस्ताव पेश किया। इसके प्रस्ताव के आधार पर एक संविधान सभा का गठन किया गया जिसका निर्वाचन जनता द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से हुआ प्रत्येक 10 लाख जनसंख्या पर संविधान सभा के एक सदस्य का निर्वाचन किया गया।

**72. निम्नलिखित में से किसने अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा (1776) लिखी?**

(a) थॉमस जेफरसन (b) वुडरो विल्सन
(c) फ्रेंकलिन पियर्स (d) जैकरी टेलर

**Ans. (a) :** अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा एक राजनीतिक दस्तावेज है जिसके आधार पर इंग्लैण्ड के 13 उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों ने 4 जुलाई 1776 ई0 को स्वयं को इंग्लैण्ड से स्वतंत्र घोषित कर दिया। स्वतंत्रता की घोषणा तैयार करने के लिए 11 जून को एक समिति बनायी गयी, जिसने यह कार्य थामस जेफरसन को सौंपा। जेकरसन द्वारा तैयार किये गये घोषणा पत्र में ऐडम्स और फ्रैंकलिन ने कुछ संशोधन कर उसे 28 जून को कांग्रेस के समक्ष रखा जो 2 जुलाई को बिना किसी विरोध के पास हो गया।

**73. किस वर्ष से, भारत में मान्यता प्राप्त विपक्ष के नेता को कैबिनेट मन्त्री का दर्जा देना शुरू किया गया?**

(a) 1975 (b) 1971
(c) 1984 (d) 1977

**Ans. (d) :** सन् 1977 से भारत में मान्यता प्राप्त विपक्ष के नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देना शुरू किया गया। उस समय केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार थी।

**74. निम्नलिखित में से कौन सी भाषा, 92वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा भारतीय संविधान में सम्मिलित की गई?**

(a) असमी (b) बोडो
(c) कोंकणी (d) सिन्धी

**Ans. (b) :** 92वें संशोधन अधिनियम 2003 के द्वारा भारतीय संविधान के आठवी अनुसूची में बोडो, संथाली, मैथिली, डोंगरी भाषाओं को समाविष्ट किया गया इस प्रकार अब भाषाओं की संख्या 22 हो गयी।

**75. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) 42वाँ संशोधन – मौलिक कर्त्तव्य
(b) 52वाँ संशोधन – दल–बदल निरोधक कानून
(c) 73वाँ संशोधन – पंचायती राज
(d) 84वाँ संशोधन केन्द्र–राज्य सम्बन्ध

**Ans. (d) :** 84वें संशोधन अधिनियम 2001 के द्वारा अनु0 55, 81, 82, 170, 330, 332 में जनगणना सम्बन्धी आंकड़े में वर्ष 2000 के स्थान पर 2026 तथा वर्ष 1971 के स्थान पर 1991 प्रतिस्थापित किया गया।

**76. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की संघीय विशेषता नहीं है?**

(a) केन्द्र और राज्यों के बीच शक्ति का विभाजन
(b) संविधान की सर्वोच्चता
(c) भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति
(d) न्यायपालिका की स्वतंत्रता

**Ans. (c):** राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति संघात्मक शासन का नहीं बल्कि एकात्मक शासन का लक्षण है। संघात्मक शासन के अनुसार राज्यपाल का चुनाव होना चाहिए नियुक्ति नहीं।

**77. निम्न में से कौन सा देश सार्क का सदस्य नहीं है?**

(a) बांग्लादेश (b) भूटान
(c) मॉरीशस (d) नेपाल

**Ans. (c) :** सार्क का गठन 8 दिसम्बर 1985 को हुआ इसका उद्देश्य दक्षिण एशिया में आपसी सहयोग से शांति और प्रगति हासिल करना है। वर्तमान में सार्क के आठ सदस्य हैं जो निम्न हैं– भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान। मॉरीशस इसका सदस्य नहीं है।

**78. यह किसने कहा है, ''यह राजनीति नहीं है जो जातिग्रस्त हो जाती है, यह जाति है जिसका राजनीतिकरण हो जाता है।''?**

(a) एम.एन. श्रीनिवास (b) मायरन वीनर
(c) रजनी कोठारी (d) मॉरिस जोंस

**Ans. (c) :** रजनी कोठारी ने भारतीय राजनीति में जाति की भूमिका का विस्तार से वर्णन किया है। 'यह राजनीति नहीं है जो जातिग्रस्त हो जाती है, यह जाति है जिसका राजनीति करण हो जाता है। यह कथन रजनी कोठारी का है।''
**पॉलिटिक्स इन इण्डिया (1970), कॉस्ट इन इण्डियन पॉलिटिक्स (1970)** रजनी कोठारी की महत्वपूर्ण रचनायें हैं।

**79. स्थानीय स्वशासन का जनक किसे कहा जाता है?**
(a) लॉर्ड कार्नवालिस
(b) लॉर्ड रिपन
(c) वारेन हेस्टिंग्स
(d) लॉर्ड डलहौजी

**Ans. (b) :** लॉर्ड रिपन को भारत में आधुनिक स्थानीय स्वशासन का जनक कहा जाता है।
1882 में लार्ड रिपन द्वारा प्रस्तुत स्थानीय स्वशासन प्रस्ताव को भारत में आधुनिक स्थानीय स्वशासन का प्रारम्भ माना जाता है। इसे **'स्थानीय स्वशासन संस्थाओं का मैग्नाकार्टा'** भी कहते हैं। इसी कारण लार्ड रिपन को आधुनिक स्थानीय स्वशासन का जनक कहा जाता है।

**80. संयुक्त राष्ट्र के पहले महासचिव कौन थे?**
(a) डैग हैमरस्क्जोंल्ड
(b) ट्रीग्वे ली
(c) यू थांट
(d) बुतरस बुतरस-घाली

**Ans. (b) :** संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रथम महासचिव ट्रीग्वे ली (1946–1952) थे जो नार्वे के निवासी थे। वर्तमान महासचिव एंटोनियो गुटेरस है जो पुर्तगाल के निवासी हैं।

**81. निम्नलिखित में से कौन अल्पसंख्यकों के प्रतिनिधित्व की पद्धति नहीं है?**
(a) आनुपातिक प्रतिनिधित्व
(b) संचित मत प्रणाली
(c) सीमित मत प्रणाली
(d) सार्वभौमिक मताधिकार प्रणाली

**Ans. (d) :** आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली, संचित मत प्रणाली, सीमित मत प्रणाली आदि से अल्प संख्यको को कुछ न कुछ प्रतिनिधित्व प्राप्त हो जाता है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार प्रणाली एक सामान्य चुनाव प्रणाली है वर्तमान में यह भारत, अमेरिका, ब्रिटेन सहित अनेक देशों में प्रचलित है।

**82. निम्नलिखित में से कौन-सी एक अध्यक्षीय सरकार की विशेषता है?**
(a) एकल न्यायिक व्यवस्था
(b) सरकार की संघीय व्यवस्था
(c) शक्तियों का पृथक्करण
(d) शक्तियों का विभाजन

**Ans. (c) :** शक्ति पृथक्करण अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली की मुख्य विशेषता है इसमें कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं। इस व्यवस्था में नियंत्रण एवं सन्तुलन का सिद्धांत काम करता है। इसके विपरीत शक्तियों का संयुक्तीकरण तथा उत्तरदायी सरकार संसदीय शासन की विशेषता है।

**83. 'दि मॉडर्न स्टेट' के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?**
(a) बार्कर (b) मैकाइवर
(c) वेबर (d) लास्की

**Ans. (b) :** आर. एम. मैकाइवर (1882-1970) एक प्रसिद्ध समाजशास्त्री थे। मैकाइवर मूल रूप से एक बहुलवादी विचारक था। इसने अपनी प्रसिद्ध रचना 'The modern State' (1926) के अन्तर्गत इस बात का उल्लेख किया है कि मानव अपनी सामाजिक प्रवृत्तियों की संतुष्टि के लिए अनेक साहचर्यो (संगठनों) का निर्माण करता है। राज्य उन्ही साहचर्यों में से एक साहचर्य है। राज्य सभी साहचर्यों पर नियंत्रण स्थापित करने तथा उनके मध्य तालमेल (समन्वय) स्थापित करने का कार्य करता है।

**84. निम्नलिखित में से किसने कहा, 'राज्य पृथ्वी पर ईश्वर का अवतरण है'?**
(a) प्लेटो (b) कांट
(c) हीगल (d) ग्रीन

**Ans. (c) :** जार्ज विल्हेम फ्रेड्रिक हीगल एक जर्मन दार्शनिक एवं प्रमुख आदर्शवादी विचारक थे। हीगल ने धर्म को राजनीति में स्थान दिया। हीगल का प्रसिद्ध कथन है– ''राज्य पृथ्वी पर ईश्वर का अवतरण है।'' फेनोमेलोजी (प्रपंचशास्त्र), न्याय के सिद्धांत आदि हीगल की मुख्य कृतियाँ हैं।

**85. निम्नलिखित में से कौन सा मार्क्सवाद से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) इतिहास की भौतिकवादी व्याख्या
(b) वर्ग संघर्ष
(c) अतिरिक्त मूल्य
(d) यद्भाव्यम्

**Ans. (d) :** इतिहास की भौतिकवादी व्याख्या, वर्ग संघर्ष का सिद्धांत, अतिरिक्त मूल्य का सिद्धांत, परायेपन का सिद्धांत आदि मार्क्सवाद की मुख्य विचार धारायें हैं यद्भाव्यम् का सम्बन्ध उदारवादी सिद्धांत से है।

**86. निम्नलिखित में से किसने दबाव समूह को 'अनाम साम्राज्य' की संज्ञा दी है?**
(a) लूसियन डब्ल्यू. पाई (b) गेब्रियल आमण्ड
(c) एस.ई. फाइनर (d) एफ. डब्ल्यू. रिग्स

**Ans. (c) :** एस.ई. फाइनर ने दबाव समूहों को अनाम साम्राज्य, अज्ञात साम्राज्य, गुमनाम साम्राज्य आदि संज्ञायें दी हैं।

**87. 'पब्लिक ओपिनियन' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?**
(a) वॉल्टर लिपमैन (b) जेम्स ब्राइस
(c) लोवेल (d) ब्रोगन

**Ans. (a) :** पब्लिक ओपिनियन 1922 में प्रकाशित वाल्टर लिपमैन की पुस्तक है। यह कार्यात्मक लोकतांत्रिक सरकार का एक मूल्यांकन है। यह जनमत को मीडिया अध्ययन, राजनीतिक विज्ञान के क्षेत्र में एक मौलिक पाठ प्रदान करता है।

**88. निम्न में से कौन एक 'उदारवादी राजनीतिक दर्शन' के जनक हैं?**
(a) लास्की (b) लॉक
(c) मिल (d) ग्रीन

**Ans. (b) :** ब्रिटिश विचारक जॉन लॉक को उदारवाद का जनक माना जाता है। उदारवाद का मुख्य विषय है व्यक्ति को स्वतंत्र छोड़ दो। स्वतंत्रता, समानता एवं सम्पत्ति को लॉक ने मुख्य प्राकृतिक अधिकार माना जिसमें सम्पत्ति के अधिकार को परम आवश्यक माना।

**89. निम्न में से किस एक को 'अहस्तक्षेप' का सिद्धांत भी कहा जाता है?**

(a) समाजवाद (b) श्रेणी समाजवाद
(c) व्यक्तिवाद (d) श्रमिक संघवाद

**Ans. (c) :** व्यक्तिवाद एवं उदारवाद का मूल सिद्धांत है कि राज्य को व्यक्ति के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए अर्थात् अहस्तक्षेप के सिद्धांत का पालन करना चाहिए। लॉक, हर्बर्ट स्पेन्शर, मिल, एक्टन आदि प्रमुख व्यक्तिवादी विचारक हैं।

**90. 'सम्प्रभुता के अद्वैतवादी सिद्धान्त' के प्रतिपादक हैं–**

(a) लॉक (b) ऑस्टिन
(c) बेन्थम (d) मिल

**Ans. (b) :** ब्रिटिश न्यायविद् जॉन ऑस्टिन को 'सम्प्रभुता के अद्वैतवादी सिद्धांत' का प्रतिपादक माना जाता है इसे सम्प्रभुता का एकलवादी सिद्धांत भी कहा जाता है। **'लेक्चर्स ऑन ज्युरिश प्रूडेन्स'** (1832) ऑस्टिन की मुख्य रचना है।
सम्प्रभुता सिद्धांत के जनक बोंदा माने जाते है। रूसों को लोकप्रिय सम्प्रभुता का प्रतिपादक माना जाता है।

**91. वितरणात्मक न्याय के सिद्धांत का प्रतिपादन किया–**

(a) प्लेटो ने (b) अरस्तू ने
(c) हॉब्स ने (d) मार्क्स ने

**Ans. (b) :** वितरणात्मक न्याय के सिद्धांत का प्रतिपादक राजनीति विज्ञान के जनक **अरस्तू** को माना जाता है। पॉलिटिक्स अरस्तू की मुख्य रचना है। आधुनिक युग में वितरणात्मक न्याय के सिद्धांत को जॉन रॉल्स ने नये रूप में प्रस्तुत किया है।

**92. बेन्थम द्वारा प्रतिपादित, उपयोगितावादी राजनीतिक दर्शन को कभी-कभी कहा जाता है–**

(a) शूकर दर्शन
(b) नीतिपरक दर्शन
(c) आदर्शवादी दर्शन
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** बेन्थम को उपयोगितावाद का जनक माना जाता है बेन्थम का मुख्य ध्येय था अधिकतम लोगों का अधिकतम हित बेन्थम ने योगी एवं भोगी के सुख को समान माना अर्थात एक दार्शनिक या कवि तथा संतुष्ट सुअर या पागल के सुख में कोई अन्तर नहीं माना इसी कारण विद्वानों ने वेन्थम के दर्शन को सूकर दर्शन कहकर पुकारा है।

**93. 'राज्य का कार्य एक उत्तम जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना है।'' यह किसने कहा है?**

(a) थॉमस एक्वीनास (b) मिल
(c) लॉक (d) ग्रीन

**Ans. (d) :** ग्रीन को नकारात्मक उदारवाद को सकारात्मक उदारवाद में बदलने वाला मुख्य विचारक माना जाता है। ''राज्य का कार्य एक उत्तम जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना है।'' ग्रीन ने यह वाक्य सकारात्मक राज्य (कल्याणकारी राज्य) के समर्थन में कहा है।

**94. निम्न में से कौन सा एक देश बहुदलीय व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है?**

(a) ब्रिटेन (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) फ्रांस (d) चीन

**Ans. (c) :** फ्रांस, भारत आदि बहुदलीय व्यवस्था वाले देश माने जाते हैं। ब्रिटेन, अमेरिका आदि देशों में द्विदलीय व्यवस्था पायी जाती है। चीन एक दलीय व्यवस्था वाला देश है।

**95. निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिए, एक कथन (A) है एवं दूसरा उसका कारण (R)–**

**कथन (A): बीसवीं सदी में विधायिकाओं के पतन के रूप में संसदीय शक्ति में प्रभावी कमी, देखी गई है।**

**कारण (R): अधिकांश विधायिकाएं 'बातों की दुकान' में बदल गई हैं, जो रबर स्टैम्प की तरह काम करती हैं।**

**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए–**

(a) दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) दोनों (A) तथा (R) सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है परन्तु (R) सही है

**Ans. (a) :** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सत्य है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

**96. ''जब मैं 'राजनीतिक विज्ञान' शीर्षक के अन्तर्गत परीक्षा प्रश्नों को देखता हूँ, तो मुझे प्रश्नों के प्रति नहीं वरन शीर्षक के प्रति खेद होता है।'' यह किसकी परिभाषा है?**

(a) गिलक्रिस्ट (b) गार्नर
(c) मेटलैण्ड (d) बकल

**Ans. (c) :** बकल, मेटलैण्ड, बर्क, मैक्केनी आदि विद्वान राजनीति विज्ञान को विज्ञान की कोटि में नहीं रखते। इसी संदर्भ में मेटलैण्ड का कहना है- ''जब मैं राजनीति विज्ञान के शीर्षक के अन्तर्गत परीक्षा प्रश्नों को देखता हूँ तो मुझे प्रश्नों के प्रति नहीं वरन शीर्षक के प्रति खेद होता है।''

**97. राज्य की उत्पत्ति का सबसे प्राचीन सिद्धांत कौन सा है?**

(a) दैवीय सिद्धांत (b) शक्ति सिद्धांत
(c) ऐतिहासिक सिद्धांत (d) मार्क्सवादी सिद्धांत

**Ans. (a) :** राज्य की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक सिद्धांतों का प्रचलन है जैसे–मातृ सिद्धांत, पितृ सिद्धांत, शक्ति का सिद्धांत, दैवीय उत्पत्ति का सिद्धांत, मार्क्सवादी सिद्धांत, विकासवादी सिद्धांत, सामाजिक समझौते का सिद्धांत आदि।

इसमें **दैवीय उत्पत्ति के सिद्धांत** को सबसे प्राचीन माना जाता है। ऐतिहासिक या विकासवादी सिद्धांत को वर्तमान में सर्वमान्य माना जाता है।

**98. ''राजनीति का सम्बन्ध समाज में मूल्यों के आधिकारिक आवंटन से है।'' किसका कथन है?**

(a) अरस्तू (b) लास्की
(c) डेविड ईस्टन (d) गार्नर

**Ans. (c) :** राजनीति विज्ञान में व्यवहारवाद एवं उत्तर व्यवहारवाद के जनक डेविड ईस्टन ने राजनीति के सम्बन्ध में निम्न परिभाषायें दी– ''राजनीति का सम्बन्ध समाज में मूल्यों के आधिकारिक आवंटन से है।''

**99. यह किसने कहा कि कला एवं विज्ञान के विकास ने मानव को भ्रष्ट कर दिया है?**

(a) रूसो (b) दांते
(c) मार्क्स (d) लास्की

**Ans. (a) :** प्राकृतिक समानता के समर्थक फ्रान्सीसी विचारक **रूसो** का नारा था– ''प्रकृति की ओर लौटो।'' रुसो का कहना था कि कला और विज्ञान के विकास ने मानव को भ्रष्ट बना दिया अतः हमें प्रकृति की गोंद में लौट जाना चाहिए क्योंकि प्राकृतिक अवस्था में मनुष्य आत्मनिर्भर, स्वतंत्र एवं सुखी था।

**100. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन करें–**

| | सूची-I (लेखक) | | सूची-II (पुस्तक) |
|---|---|---|---|
| (A) | पॉलिटिक्स–हू गेट्स ह्वॉट, ह्वेन एण्ड हाउ | (1) | एच. फाइनर |
| (B) | ए ग्रामर ऑफ पॉलिटिक्स | (2) | एच. लासवेल |
| (C) | द मॉडर्न स्टेट | (3) | एच.जे. लास्की |
| (D) | थ्योरी एण्ड प्रैक्टिस ऑफ मॉडर्न गवर्नमेन्ट | (4) | आर.एम. मैकाइवर |

**कोड–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**Ans. (c) :** सुमेलित सूची–

| | सूची-I ( लेखक ) | | सूची-II ( पुस्तक ) |
|---|---|---|---|
| (A) | पॉलिटिक्स–हू गेट्स ह्वॉट, ह्वेन एण्ड हाउ | (1) | एच. लासवेल |
| (B) | ए ग्रामर ऑफ पॉलिटिक्स | (2) | एच.जे. लास्की |
| (C) | द मॉडर्न स्टेट | (3) | आर.एम. मैकाइवर |
| (D) | थ्योरी एण्ड प्रैक्टिस ऑफ मॉडर्न गवर्नमेन्ट | (4) | एच. फाइनर |

**101. पश्चिमी राजनीतिक विचारकों में कौटिल्य की तुलना किससे की गई है?**

(a) अरस्तू (b) कार्ल मार्क्स
(c) मैकियावेली (d) हॉब्स

**Ans. (c) :** पश्चिमी राजनीतिक विचारकों में कौटिल्य की तुलना इटली के विद्वान मैकियावेली से की गयी है। मैकियावेली की तरह कौटिल्य भी अत्यन्त व्यवहारवादी विचारक है। विद्वानों द्वारा तुलनात्मक रूप में कौटिल्य के विचारों को मैकियावेली से उत्तम बताया गया है।
कौटिल्य के विचार उसकी कृति 'अर्थशास्त्र' से तथा मैकियावेली के विचार उसकी कृति 'प्रिन्स' से प्राप्त होते हैं।

**102. 'तुहफात–उल–मुवाहहिदीन' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) राजाराम मोहन राय (b) सैयद अहमद खान
(c) गोपाल कृष्ण गोखलें (d) एम.जी. रानाडे

**Ans. (a) :** राजाराम मोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। इन्होंने समाज सुधार के लिए ब्रह्म समाज की स्थापना की।
तुहफात उल मुवाहहिदीन, सतीः अ राइट अप ऑफ राजाराम मोहन राय आदि इनकी मुख्य रचनायें हैं।

**103. ई – गवर्नेन्स का अर्थ है–**

(a) सरकार किसी भी समय कहीं भी
(b) इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सेवाओं व सूचनाओं का वितरण
(c) कागज रहित कार्यालय
(d) पारदर्शितापूर्ण तथा पारदर्शी सरकारी कार्य

**सही उत्तर चुनिए –**

(a) A और C (b) B और D
(c) A, B और C (d) सभी सही हैं

**Ans. (d) :** सरकार किसी भी समय कहीं भी–इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सेवाओं व सूचनाओं का वितरण, कागज रहित कार्यालय का प्रयोग, पारदर्शितापूर्ण तथा पारदर्शी सरकारी कार्यों का सम्पादन ई-गवर्नेन्स के माध्यम से कर सकती है।

**104. किसका कथन है कि – ''शक्ति भ्रष्ट कर देती है और पूर्ण शक्ति पूर्ण रूप से भ्रष्ट कर देती है।''?**

(a) लास्की (b) लॉर्ड एक्टन
(c) सेबाइन (d) हीगल

**Ans. (b) :** अंग्रेज शास्त्रीय उदारवादी इतिहासकार **लॉर्ड एक्टन** का प्रसिद्ध कथन है कि ''शक्ति भ्रष्ट करती है और पूर्ण शक्ति पूर्ण रूप से भ्रष्ट कर देती है।''

**105. ''राज्य का आधार शक्ति नहीं, इच्छा है'', किसने कहा है?**

(a) डेविड ईस्टन (b) गार्नर
(c) ग्रीन (d) लास्की

**Ans. (c):** ग्रीन के विचारों से सकारात्मक उदारवाद (कल्याणकारी राज्य) की शुरुआत मानी जाती है। **ग्रीन** ने राज्य का उद्देश्य कल्याणकारी कार्यों की वृद्धि करना बताया इसी सकारात्मक रूप में ग्रीन का कहना है– ''राज्य का आधार शक्ति नहीं, इच्छा है।''

106. **निम्नलिखित में कौन प्रत्यक्ष प्रजातन्त्र का आवश्यक रूप नहीं है?**

(a) जनमत संग्रह (b) वापस बुलाना
(c) संघात्मक संरचना (d) जनमत–संग्रह

**Ans. (c) :** जनमत संग्रह, वापस बुलाना, प्लेवी साइट आदि प्रत्यक्ष प्रजातंत्र के आवश्यक रूप हैं। संघात्मक संरचना-संघीय शासन की विशेषता होती है।

107. **हॉब्स के सामाजिक समझौते में, सम्प्रभु था–**

(a) समझौते का अंग
(b) समझौते के ऊपर
(c) व्यक्तियों के नीचे
(d) प्रजातान्त्रिक रूप से निर्वाचित

**Ans. (b) :** हाब्स के सामाजिक समझौते में समझौते के द्वारा पूरा समाज अपनी सम्पूर्ण शक्ति एक निश्चित व्यक्ति या व्यक्ति समूह को समर्पित कर देता हैं। इस तरह सम्प्रभु समझौते का भाग नहीं है अतः वह समझौते से ऊपर है। इस तरह एक निरंकुश सम्प्रभुता सम्पन्न राज्य का जन्म होता है।

108. **सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के अन्त में दिए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | जनता दल की स्थापना | (1) | 1925 |
| (B) | साम्यवादी दल की स्थापना | (2) | 1988 |
| (C) | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म | (3) | 1980 |
| (D) | भारतीय जनता पार्टी की स्थापना | (4) | 1885 |

**कोड–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**Ans. (c) :** सुमेलित सूची–

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (A) | जनता दल की स्थापना | (1) | 1988 |
| (B) | साम्यवादी दल की स्थापना | (2) | 1925 |
| (C) | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म | (3) | 1885 |
| (D) | भारतीय जनता पार्टी की स्थापना | (4) | 1980 |

109. **सबसे पुरानी स्मृति कौन-सी है?**

(a) याज्ञवल्क्य स्मृति (b) मनु स्मृति
(c) नारद स्मृति (d) विष्णु स्मृति

**Ans. (b) :** मनु स्मृति भारतीय दर्शन की सबसे पुरानी स्मृति मानी जाती है इसकी रचना मनु ने की थी। मनु स्मृति भारतीय शास्त्रों का सबसे प्राचीन धर्म ग्रन्थ है जिसकी प्रासंगिकता हमें आज भी देखने को मिलती है। मनुस्मृति में भारतीय राजदर्शन का विस्तार से वर्णन किया गया इसमें धार्मिक राज्य का समर्थन किया गया है।

110. **सामाजिक समझौता सिद्धांत में, 'प्राकृतिक अवस्था' का आशय है–**

(a) राज्य के निर्माण में प्रकृति का योगदान
(b) राज्य के निर्माण के पूर्व की अवस्थाएं
(c) राज्य की प्रकृति का अध्ययन
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** सामाजिक समझौता सिद्धांत में प्राकृतिक अवस्था का आशय 'राज्य के निर्माण के पूर्व की अवस्था से है। समझौता सिद्धांत के अनुसार राज्य के जन्म के पूर्व व्यक्ति प्राकृतिक अवस्था में स्वच्छन्दता पूर्वक रहते थे।

111. **निम्न में से सम्प्रभुता की कौन सी विशेषता त्रुटिपूर्ण सूचीबद्ध है?**

(a) निरंकुशता (b) विभाज्यता
(c) स्थायित्व (d) अनन्यता

**Ans. (b) :** निरंकुशता, मौलिकता, अविभाज्यता, अदेयता, स्थायित्व, अनन्यता आदि सम्प्रभुता की विशेषतायें है। विभाज्यता इसका लक्षण नहीं है।

112. **डेविड ईस्टन ने 'व्यवस्था' की सृजनात्मक अवधारणा को किस पुस्तक में प्रस्तुत किया?**

(a) मैन एण्ड हिज गवर्नमेन्ट
(b) द पॉलिटिकल सिस्टम
(c) सोशल कॉन्ट्रैक्ट
(d) पॉलिटिक्स

**Ans. (b) :** डेविड ईस्टन ने 'व्यवस्था की सृजनात्मक अवधारणा को **'द पॉलिटिकल सिस्टम'** (1953) में प्रस्तुत किया। डेविड ईस्टन को व्यवहारवाद एवं उत्तर व्यवहारवाद का जनक माना जाता है। **ए फ्रेमवर्क फॉर पॉलिटिकल एनालिसिस,** (1965) **चिल्ड्रेन इन द पॉलिटिकल सिस्टम,** (1969) **द एनालिसिस ऑफ पॉलिटिकल स्ट्रक्चर** (1996) आदि डेविड ईस्टन की अन्य रचनायें हैं।

113. **''राज्य का उद्भव जीवन की आवश्यकताओं के लिए हुआ है तथा वह अच्छे जीवन के लिए विद्यमान है।'' यह कथन किस दार्शनिक का है?**

(a) अरस्तु (b) प्लेटो
(c) लास्की (d) हीगल

**Ans. (a) :** अरस्तू के अनुसार, 'राज्य परिवारों एवं गाँवों का समूह हैं। इसी क्रम में अरस्तू का आगे कहना है– ''राज्य का उद्भव जीवन की आवश्यकता के लिए हुआ है तथा वह अच्छे जीवन के लिए विद्यमान है।''

114. **विकासवादी सिद्धांत की मान्यता है, कि–**

(a) राज्य का निर्माण मानव इतिहास के प्रारम्भिक काल में हुआ था।
(b) राज्य का निर्माण क्रांति से हुआ था।
(c) राज्य का निर्माण चौदहवीं शताब्दी में हुआ था।
(d) राज्य विकास की मन्द प्रक्रिया का परिणाम है।

**Ans. (d):** विकासवादी सिद्धांत के अनुसार राज्य का विकास धीरे-धीरे हुआ पहले परिवार फिर गोत्र, तब गाँव, गाँव से जिला तथा जिले से राज्य का विकास हुआ इस प्रकार राज्य का विकास एक निश्चित क्रम में हुआ है।

**115. किसने कहा है, कि मार्क्सवाद 'मुक्त समाज' का दुश्मन है?**

(a) कार्ल पॉपर (b) एक्टन
(c) लास्की (d) फुकुयामा

**Ans. (a) :** कार्ल पॉपर मार्क्सवाद का आलोचक है वह मार्क्सवाद को स्वतंत्रता का विरोधी मानता है इसी परिप्रेक्ष्य में पॉपर का कहना है कि– 'मार्क्सवाद मुक्त समाज का दुश्मन है।'

**116. किसने कहा कि, ''कल्याणकारी राज्य एक ओर साम्यवाद और दूसरी ओर अनियन्त्रित व्यक्तिवाद के मध्य एक समझौता है?''**

(a) लॉक (b) हॉबमैन
(c) कांत (d) रूसो

**Ans. (b) :** कल्याणकारी राज्य साम्यवाद तथा अनियंत्रित व्यक्तिवाद से अलग मध्यम मार्ग का अनुसरण करता है इसी सन्दर्भ में हॉबमैन जी का कहना है कि ''कल्याणकारी राज्य एक ओर साम्यवाद तथा दूसरी ओर अनियंत्रित व्यक्तिवाद के मध्य एक समझौता है।'' कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का उद्भव उदारवाद से ही हुआ है।

**117. किसने किसी एक देश में समाजवाद की अवधारणा का प्रतिपादन किया?**

(a) ट्राटस्की
(b) एंगल्स
(c) स्टालिन
(d) मार्क्स

**Ans. (c) :** कार्ल मार्क्स को समाजवाद (वैज्ञानिक) का जनक माना जाता है। रूस में लेनिन द्वारा 1917 में प्रथम समाजवादी क्रान्ति का संचालन किया गया और यह विश्वास व्यक्त किया गया कि यही से पूरे विश्व में समाजवाद आगे बढ़ेगा। लेनिन के बाद रूस में सत्ता के लिए संघर्ष प्रारम्भ हो जाता है जिसमें स्टालिन विजयी होता है और उसने समाज वाद के सिद्धांतों में परिवर्तन करते हुए 'एक देश में समाजवाद का सिद्धांत' दिया।

**118. 'क्योंकि समाज संघीय है, इसलिए सत्ता भी संघीय होनी चाहिए।' यह किसने कहा था?**

(a) मैकाइवर (b) लास्की
(c) बिस्मार्क (d) हिटलर

**Ans. (b) :** लास्की, मैकाइबर, बार्कर आदि बहुलावाद के समर्थक हैं ये राज्य की सम्प्रभुता शक्ति का विरोध करते हैं और समाज को एक संघात्मक इकाई मानते हैं इसी सन्दर्भ लास्की का कहना है 'क्योंकि समाज संघीय है इसलिए सत्ता भी संघीय होनी चाहिए।'

**119. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–**

| | पुस्तकें | | लेखक |
|---|---|---|---|
| (A) | सोशलिज्म | (1) | ई. बार्कर |
| (B) | मॉडर्न पोलिटिकल एनेलिसिस | (2) | टी.बी. बोटोमोर |
| (C) | क्लासेज इन मॉडर्न सोसाइटी | (3) | आर.ए. डाहल |
| (D) | प्रिन्सिपल्स ऑफ सोशल एण्ड पोलिटिकल थ्योरा | (4) | बर्नार्ड क्रिक |

**नीचे दिए कूट की मदद से सही उत्तर चुनिए–**

**कोड–**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**Ans. (b): सुमेलित सूची–**

| | पुस्तकें | | लेखक |
|---|---|---|---|
| (A) | सोशलिज्म | (1) | बर्नार्ड क्रिक |
| (B) | मॉडर्न पोलिटिकल एनेलिसिस | (2) | आर0ए0 डहल |
| (C) | क्लासेज इन मॉडर्न सोसाइटी | (3) | टी0बी0 बोटोमोर |
| (D) | प्रिन्सिपल्स ऑफ सोशल एण्ड पोलिटिकल थ्योरी | (4) | ई0 बार्कर |

**120. समाजवादी, राज्य को मानते हैं–**

(a) एक आवश्यक बुराई (b) एक दैवीय संस्था
(c) एक शोषण का उपकरण (d) एक सकारात्मक अच्छाई

**Ans. (d) :** समाजवादी राज्य को एक सकारात्मक अच्छाई मानते है वे जनहित सम्बन्धी सभी कार्यों एवं उत्पादनों के साधनों का समाजीकरण करके उसे जन साधारण के हित में प्रयोग करना चाहते है।

**Note-1.** समाजवाद के समर्थक विद्वान राज्य को एक सकारात्मक अच्छाई मानते हुए उत्पादन और वितरण के साधन पर राज्य का नियंत्रण स्थापित करना चाहते हैं।

जबकि मार्क्सवाद (साम्यवाद/वैज्ञानिक समाजवाद) के समर्थक विद्वान राज्य को एक शोषण का उपकरण मानते हुए, उत्पादन और वितरण के साधन पर समाज (सर्वहारा वर्ग) का नियंत्रण स्थापित करना चाहते हैं।

**2.** समाजवाद, संवैधानिक तरीके से/शांतिपूर्ण तरीके से/वैचारिक परिवर्तन के द्वारा एक समतामूलक समाज की स्थापना करना चाहता है।

जबकि मार्क्सवाद (साम्यवाद/वैज्ञानिक समाजवाद) हिंसा के द्वारा/क्रान्ति के द्वारा/तलवार के बल पर एक समतामूलक समाज की स्थापना करना चाहता है।